# यूपी में उद्योग लगाएंगी रूसी कंपनियां

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** रूस की कंपनियां उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाएंगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से रविवार को मुलाकात कर मास्को सरकार के निवेश और उद्योग नीति विभाग के मंत्री एवं अध्यक्ष अनातोली मिखाइलीविच की ओर से वहां आने आमंत्रण पत्र सौंपा गया। मास्को की कंपनियों के लिए योग्य भारतीय कर्मियों की भर्ती और प्रशिक्षण के लिए केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।



**यूपी के उद्योग मंत्री से मिला मास्को का एक प्रतिनिधि-मंडल**

उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को मास्को का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल निवेश और उद्योग नीति विभाग रूस (मास्को) की प्रतिनिधि इरीना पिंगोरिना एवं टेक्नोपोलिस मास्को के अधिकारिक भारतीय प्रतिनिधि अमरदीप सिंह शामिल रहे। मंत्री नंदी ने कहा कि मास्को की टीम के इस दौरे और द्विपक्षीय प्रतिनिधिमंडल के बातचीत से मॉस्को और उत्तर प्रदेश के बीच निवेश और औद्योगिक सहयोग को और मजबूती मिलेगी। जिससे नवाचार, रोजगार और द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग के नए अवसर खुलेंगे।